राजस्थान सरकार

# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी भीम, जिला राजसमंद

पीठासीन अधिकारी:– श्री विकास शर्मा आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या – 18/2025 प्रा0पत्र

## अनवान

ाडूसिंह पुत्र नन्दासिंह जाति रावत आयु 49 वर्ष निवासी ग्राम अजीतगढ़, तहसील भीम जिला ाजसमन्द।

........................ प्रार्थी

–:: बनाम ::–

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील भीम जिला राजसमन्द, राजस्थान।

......................अप्रार्थी

उपस्थिति :–

01. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता श्री भगत सिंह चौहान
02. अप्रार्थी की ओर से पैरोकार सरकार

**प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956**

## निर्णय

दिनांकः– 13/4/26

01. पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र संक्षेप में इस प्रकार है कि अग्र निम्न वर्णित आराजियात् वाके ग्राम नालोईलालपुरा पटवार हल्का अजीतगढ भू.अ.नि. कालादेह तहसील भीम जिला राजसमन्द राज. में चली आ रही है।

| खाता संख्या | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | भूमि वर्गीकरण | |
|---|---|---|---|---|
| 306 | 1690 | 0.0162 | गै.मु.चाह | 0.0162 |
| | 1781 | 0.1214 | बारानी 2 | |
| कुल खसरे– 2 रकबा 0.1376 हैक्टेयर भूमि से प्रार्थी का 1/20 हिस्सा दर्ज है। | | | | |
| 307 | 1661 | 0.1295 | बारानी 2 | 0.1295 |
| | 1672 | 0.1740 | बंझड | 0.1740 |
| | 1673 | 0.0486 | बारानी 1 | 0.0486 |
| | 1674 | 0.0283 | बारानी 1 | 0.0283 |
| | 1675 | 0.1700 | चाही 2<br>जाव 2 | 0.0680<br>0.1020 |
| | 1678 | 0.1457 | चाही 1 | 0.1457 |
| | 1679 | 0.2104 | चाही 1 | 0.2104 |
| | 1684 | 0.0486 | बारानी 1 | 0.0486 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 1691 | 0.0971 | बंझड | 0.0971 |
| | 1693 | 0.0688 | बारानी 1 | 0.0688 |
| | 1694 | 0.1457 | चाही 1 | 0.1457 |
| | 1697 | 0.0101 | चाही 1<br>जाव 1 | 0.0081<br>0.0020 |
| | 1698 | 0.0890 | बारानी 2 | 0.0890 |
| | 1704 | 0.1942 | चाही 1 | 0.1942 |
| | 1710 | 0.0728 | बारानी 1 | 0.0728 |
| | 1711 | 0.1781 | बंझड़ | 0.1781 |
| | 1712 | 0.0809 | बारानी 1 | 0.0809 |
| | 1713 | 0.1214 | बारानी 1 | 0.1214 |
| | 1714 | 0.0567 | बारानी 1 | 0.0567 |
| | 1715 | 0.0283 | बारानी 1 | 0.0283 |
| | 1716 | 0.1619 | बारानी 1 | 0.1619 |
| | 1717 | 2.1853 | बंझड़ | 2.1853 |
| | 1783 | 0.1457 | बारानी 1 | 0.1457 |
| कुल खसरे– 23 रकबा 4.5911 हैक्टेयर भूमि से प्रार्थी का 1/10 हिस्सा दर्ज है। | | | | |

| खाता संख्या | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | भूमि वर्गीकरण | |
|---|---|---|---|---|
| 308 | 1677 | 0.0162 | गै.मु. ओडवा | 0.0162 |
| | 1686 | 0.0081 | गै.मु.ओडी | 0.0081 |
| | 1786 | 0.2266 | बंझड़ | 0.2266 |
| कुल खसरे– 03 रकबा 0.2509 हैक्टेयर भूमि से प्रार्थी का 1/20 हिस्सा दर्ज है। | | | | |

यह कि विरासतदार प्रार्थी का वास्तविक नाम लाडूसिंह है एवं प्रार्थी के अन्य सभी दस्तावेज मे नाम लाडूसिंह पुत्र नंदासिंह के नाम से ही चला आ रहा है तथा प्रार्थी को बचपन में अपने परिवार वाले व माता–पिता के द्वारा स्नेह से नाम लालसिंह कहां जाता था तथा वास्तविक सभी असल दस्तावेजों व सरकारी रिकोर्ड में नाम लाडूसिंह दर्ज है इसी कारण से प्रार्थी के पिता नंदासिंह का देहान्त हो जाने के पश्चात् राजस्व भूमि का विरासत से नामान्तरण खुलवाते समय प्रार्थी कि गैर मौजुदगी में नामान्तकरण में नाम लाडूसिंह के स्थान पर नाम लालसिंह नाम त्रुटी पुर्वक दर्ज कर दिया गया है। जिससे कलम संख्या 01 में अंकित भूमि में प्रार्थी का नाम विरासत नामान्तकरण दर्ज करवाते वक्त हल्का पटवारी ने प्रार्थी का नाम लाडूसिंह पुत्र नंदासिंह के बजाय लालसिंह पुत्र कानसिंह के नाम से राजस्व रेकार्ड में नाम दर्ज कर दिया गया है। यह कि सभी दस्तावेजात् जैसे आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, राशनकार्ड, पेनकार्ड इत्यादि दस्तावेजो में प्रार्थी का नाम लाडूसिंह दर्ज है जो कि सही और सत्य नाम है। यह कि प्रार्थी के पिता का देहान्त हो जाने के पश्चात उक्त कॉलम संख्या 1 में वर्णित भूमि जिसमें प्रार्थी का नाम लाडूसिंह के स्थान पर लालसिंह नाम दर्ज कर दिया गया था जिसकी जानकारी प्रार्थी को नही थी क्योंकि प्रार्थी नौकरी

Scanned with OKEN Scanner

ा ग्राम से दूर बाहर करता है तथा अपने काम–काज में व्यस्त रहता है और प्रार्थी को राजस्व र्ड में नाम त्रुटी पुर्वक लालसिंह दर्ज कर दिया गया था जिसकी जानकारी प्रार्थी को नही थी। कि राजस्व रेकार्ड में नाम सम्बन्धित त्रुटी होने कि जानकारी प्रार्थी को प्रधानमंत्री किसान जना में लाभ प्राप्त करने हेतु ई.मित्र पर फॉर्म भरवाने गये जहां नाम सम्बन्धित समस्या होने से । जमाबन्दी व आधारकार्ड में नाम भिन्न भिन्न होने से यह जानकारी प्रार्थी को हुई जिसके बाद र्थी ने नामान्तकरण में नाम गलत दर्ज होने बावत् हल्का पटवारी को कहा तो हल्का पटवारी ने हा कि इसका शुद्धिकरण का माननीय उपखण्ड अधिकारी महोदय के समक्ष धारा 136 राज. भू. जस्व अधिनियम के तहत प्रार्थना पत्र पेश करने पर ही सुधार होगा। यह कि उक्त दो नाम (1) लसिंह पुत्र नंदासिंह तथा (2) लाडूसिंह पुत्र नंदासिंह दोनो नाम का एक व्यक्ति होकर प्रार्थी यं है तथा दोनो नाम प्रार्थी के ही है। यह कि हल्का पटवारी द्वारा राजस्व रेकार्ड मे प्रार्थी का म लाडूसिंह के बजाय लालसिंह दर्ज कर दिया गया तब ये यह वाद कारण जारी है।

अतः श्रीमान के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि कलम संख्या 1 में दर्ज राजस्व कार्ड की जमाबन्दी में दर्ज खातेदार का नाम लालसिंह पुत्र नंदासिंह दुरूस्त कर लाडूसिंह पुत्र नंदासिंह नाम दर्ज करने का आदेश प्रदान करने कि कृपा करावे।

02. प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को मय नकल प्रार्थना पत्र के सम्मन जारी किया गया। अप्रार्थी तहसीलदार भीम द्वारा प्रस्तुत मौका रिपोर्ट अनुसार ग्राम नालोई लालपुरा के खाता संख्या 306, 307 एवं 308 में प्रार्थी का नाम लालसिंह पिता नंदासिंह रावत के बजाय लाडूसिंह पिता नंदासिंह रावत दर्ज किया जाना उचित है। प्रार्थी का राजस्व रिकॉर्ड में नाम लालसिंह पिता नंदासिंह रावत दर्ज है जो गलत है जबकि प्रार्थी के आधार कार्ड, राशन कार्ड, पेन कार्ड, जन आधार कार्ड, में इनका नाम लाडूसिंह पिता नंदासिंह रावत है जो सही है ऐसी स्थिति में राजस्व रिकॉर्ड में संशोधन किया जावे तो कोई आपत्ति नही है। हमने प्रार्थी के प्रार्थना पत्र, जमाबंदी, प्रस्तुत साक्ष्य, अप्रार्थी के जवाब का अवलोकन किया। उक्त आधार पर प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 01 में वर्णित भूमि में लालसिंह पिता नंदासिंह रावत का नाम दुरस्त कर लाडूसिंह पिता नंदासिंह रावत दर्ज करने का आदेश दिया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम की जावें।

निर्णय आज दिनांक 13/4/26 को खुले इजलास सुनाया गया।

सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, भीम
जिला - राजसमन्द

Scanned with OKEN Scanner